हिन्दी दैनिक
RNI-BIHHIN/2012/43368
# नवशक्ति
www.navshaktinews.in
navshakti news paper patna
वर्ष : 14, अंक : 25 | पटना, गुरुवार, 13 मार्च, 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

# भारत मॉरीशस में नई संसद भवन के निर्माण में सहयोग करेगा, पीएम मोदी ने दी राष्ट्रीय दिवस की बधाई

**पोर्ट ब्लेयर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान मॉरीशस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने घोषणा की कि भारत, मॉरीशस में एक नए संसद भवन के निर्माण में सहयोग करेगा।

पीएम मोदी ने कहा, आज, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन चंद्र रामगुलाम और मैंने भारत-मॉरीशस साझेदारी को 'बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का फैसला किया। यह भारत की ओर से मॉरीशस को एक उपहार होगा।₹ उन्होंने इसे दोनों देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत संबंधों का प्रतीक



बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देश न केवल हिंद महासागर के जरिए जुड़े हैं, बल्कि परंपराओं और संस्कृति के भी साझेदार हैं। भारत और मॉरीशस ने विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन किया है, जिसमें स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से मॉरीशस के लोगों को उनके राष्ट्रीय दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें एक बार फिर मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर वहां आने का मौका मिला।

भारत और मॉरीशस के रिश्ते वर्षों से प्रगाढ़ रहे हैं, और इस यात्रा के दौरान लिए गए नए फैसले दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेंगे।

# फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर, कार ने 6 लोगों को कुचला, 4 मौके पर मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक तेज रफ्तार कार ने चार लोगों की जान ले ली और दो अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह दिल दहला देने वाली घटना देहरादून के साईं मंदिर के पास हुई, जहां कार ने सड़क पर पैदल चल रहे और स्कूटी सवार लोगों को कुचलते हुए निकल गई। हादसे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें साफ नजर आ रहा है कि कार कई लोगों को टक्कर मारते हुए निकल जाती है।

घटना उस समय हुई जब लोग साईं मंदिर के पास सड़क पर चल रहे थे। अचानक तेज रफ्तार से आ रही चंडीगढ़ नंबर की कार ने बिना किसी रुकावट के पैदल चल रहे लोगों और स्कूटी सवारों




को टक्कर मारी और उन्हें कुचलते हुए निकल गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

हादसे के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही आईजी गढ़वाल, एसएसपी और स्थानीय पुलिस बल ने घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मामले को हिट एंड रन के तौर पर दर्ज किया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में चार से पांच लोग सवार थे, लेकिन अभी तक कार के चालक की पहचान नहीं हो पाई है।

## विधानसभा में विपक्ष का भारी हंगाम, विपक्ष ने सदन का किया वहिष्कार

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र में मुख्य विपक्षी सदस्यो द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया गया। जिससे स्पीकर नंद किशोर यादव ने नियमानुकूल न होने का हवाला देते हुए अस्वीकृत कर दिया। जिसके कारण बौखलाए विपक्षी सदस्य सदन के वेल में पहुंचकर शोर शराबे एवं हंगामे करने लगे। सदन में तख्तियां लहराते हुए सरकार विरोधी नारे लगाने लगें। स्पीकर का निर्देश मिलते ही मार्शल ने सदस्यगणों से तख्तियां छीन ली। फिर भी स्पीकर नंद किशोर यादव ने विपक्षके हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही चलाते रहे । इससे पूर्व भाकपा माले के विधायक दल नेता महबूब आलम ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं घट रही है। अपराधी बेलगाम,दलितों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों पर घटनाएं व जुल्म ढाए जा रहे है। इस मामले पर सरकार ने चुपी साध ली है। सदन में शोर शराबे एवं हंगामे चलते रहे आसान विपक्ष की एक भी बात नहीं सुनी। स्पीकर ने बार बार अपने अपने आसन पर लौट जाने की अपील करते रहे। लेकिन विपक्षी सदस्य सदन के वेल में डटे रहे। सदन में शोर शराबे को देखते हुए प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के सभी सदस्यों ने सदन का वहिष्कार कर दिया।

## मैं हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं : ममता बनर्जी

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें।

आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। वे (बीजेपी) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोजा का महीना है, और उन्हें यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है।

# विधान परिषद में मुख्यमंत्री के बयान पर भारी हंगाम, विपक्षी सदस्यो ने सदन का किया वहिष्कार

**पटना।** बिहार विधान परिषद के बजट सत्र में शिक्षकों के वेतन को लेकर भारी हंगाम करते हुए विपक्षी सदस्यो ने सदन का वहिष्कार किया। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी की भाकपा माले के शशि यादव ने बेल्ट्रॉन द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त कर्मियों वेतन भुगतान के मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। उन्होंने राजद शासन काल के कुशासन पर इशारे करते हुए खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि जब लालू यादव घोटाले में फंस गए तो आपको मुख्यमंत्री बना दिया। ये लोग बिहार में कोई काम किया था बिहार में पहले कुछ था। जब से मुख्यमंत्री बना तब से कम हुआ। महिलाओं पर जो काम किया है वह दिख रहा है इस पर शशि यादव, डॉ उर्मिला ठाकुर ने अपने आसन पर खड़ा होकर कही की इस समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हमेशा पुर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जी का अपमान करते नहीं चूकते। सदन में राबड़ी देवी का अपमान नहीं यह राज्य के पूरे महिलाओं का अपमान है। इससे गुस्साये प्रतिपक्ष के नेता राबड़ी देवी ने अपने आसन पर खड़ा होकर नीतीश कुमार के बयान का विरोध करते हुए कहा कि राज्य में डकैती, बलात्कार, मडर की घटनाएं बढ़ गई हैं नवादा में महिला के पैर में काटी ठोका जा रहा है और सरकार कहती हैं कि राज्य में सुशासन की सरकार चल रही हैं कही भी महिला सुरक्षित नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आग बबूला होते हुए कहा कि तुम्हारा पति को मैने ही मुख्यमंत्री बनाया। पहले कोई काम होता था। आज लड़के लड़कियां 11 बजे रात तक शहर में निफीकर होकर घूमते है पटना में कुछ था। लोग पैदल चलने के आदि थे इसके बाद विपक्षी सदस्यो ने मुख्यमंत्री के रवैये से नाखुश एवं बार बार महिलाओं का अपमान का आरोप लगाते हुए सदन का वहिष्कार कर दिया।

# विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बीच नोक झोंक, विपक्षी सदस्यो ने सदन का किया वहिष्कार

**पटना।** बिहार विधान परिषद के बजट सत्र मेंमुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रतिपक्ष के नेता राबड़ी देवी के बीच सदन में काफी नोक झोंक एवं तू तू मैं हुआ ।एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे।शिक्षकों के वेतन को लेकर भारी हंगाम करते हुए विपक्षी सदस्यो ने सदन के वेल में पहुंच कर शोर शराबे एवं हंगामे करने लगे। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी की भाकपा माले के शशि यादव ने बेल्ट्रॉन द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त कर्मियों के वेतन भुगतान के मामले को उठाते हुए कहा कि इस बार कर्मियों के वेतन के वगैर होली नहीं मनेगी। इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। उन्होंने राजद शासन काल के कुशासन पर इशारे करते हुए खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि जब लालू यादव घोटाले में फंस गए तो आपको मुख्यमंत्री बना दिया। ये लोग बिहार में कोई काम किया था बिहार में पहले कुछ था। जब से मुख्यमंत्री बना तब से कम हुआ। महिलाओं पर जो काम किया है वह दिख रहा है इस पर शशि यादव, डॉ उर्मिला ठाकुर ने अपने आसन पर खड़ा होकर कही की इस समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हमेशा पुर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जी का अपमान करते नहीं चूकते।

सदन में राबड़ी देवी का अपमान नहीं यह राज्य के पूरे महिलाओं का अपमान है। इससे गुस्साये प्रतिपक्ष के नेता राबड़ी देवी ने अपने आसन पर खड़ा होकर नीतीश कुमार के बयान का विरोध करते हुए कहा कि राज्य में डकैती, बलात्कार, मडर की घटनाएं बढ़ गई हैं नवादा में महिला के पैर में काटी ठोका जा रहा है और सरकार कहती हैं कि राज्य में सुशासन की सरकार चल रही हैं कही भी महिला सुरक्षित नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आग बबूला होते हुए कहा कि तुम्हारा पति को मैने ही मुख्यमंत्री बनाया।

पहले कोई काम होता था। आज लड़के लड़कियां 11 बजे रात तक शहर में निफीकर होकर घूमते है पटना में कुछ था। लोग पैदल चलने के आदि थे इसके बाद विपक्षी सदस्यो ने मुख्यमंत्री के रवैये से नाखुश एवं बार बार महिलाओं का अपमान का आरोप लगाते हुए सदन का वहिष्कार कर दिया।

# दिल्ली सरकार पर आतिशी की तंज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि वे दिल्ली की महिलाओं से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिसमें 2,500 रुपये की सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता से कई वादे किए थे। 2500 रुपये का वादा 'जुमला' साबित हुआ। दिल्ली की महिलाओं को होली के दौरान मुफ्त सिलेंडर मिलने थे।

आतिशी ने आगे कहा कि होली में अब सिर्फ 2 दिन बचे हैं




और दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर का इंतजार कर रही हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर भाजपा और उनके झूठे वादों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने पार्टी घोषणापत्र में, भाजपा ने महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। पार्टी ने ऐसे परिवारों की महिलाओं को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर कम आय वाले परिवारों की मदद करने का भी वादा किया। इसके अलावा, पार्टी ने होली और दिवाली के मौकों पर एक-एक मुफ़्त सिलेंडर देने का भी वादा किया। 8 मार्च को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अपने सभी वादे पूरे करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली की सीएम ने कहा कि वह महिलाओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए काम करेंगी। आम आदमी पार्टी के विधायक गोपाल राय ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि वह चुनावी वादों को पूरा करने से बचने के लिए दोष-प्रत्यारोप में लगी हुई है।

# पंजाब के लोगों ने कड़ी मेहनत और प्रतिभा से देश का मान बढ़ाया है : राष्ट्रपति

**पंजाब।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को पंजाब के लोगों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दुनिया भर में देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हरित क्रांति के साथ देश को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में पंजाब के किसानों के योगदान को भी याद किया और विश्वास व्यक्त किया कि सीमावर्ती राज्य एक बार फिर पर्यावरण अनुकूल खेती को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में पूरे देश को नेतृत्व प्रदान करेगा।

मुर्मू मोहाली में पंजाब सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को



संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने पंजाब के लोकप्रिय गायकों की लोकप्रियता के बारे में भी बात की और कहा कि इसे पूरे देश में शादियों में देखा जा सकता है। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुर्मू ने कहा, चूंकि, मैं पंजाब आई हूं, इसलिए इसकी संस्कृति और परंपरा को नहीं भूलना चाहिए, और फिर उन्होंने उपस्थित लोगों से सिख नारा बोले सो निहाल, सत श्री अकाल बोलने को कहा।

# धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर की आवाज पर तत्काल एक्शन लें पुलिस

**◆स्थाई नियंत्रण की कार्यवाही हरहाल में सुनिश्चित कराएं जाएं : सीएम योगी आदित्यनाथ**

**◆गौ तस्करों पर पैनी नजर रखने की हिदायत के साथ पकड़े जाने पर संबंधित अफसरों की तय होगी जवाबदेही**

**वाराणसी।** धार्मिक स्थलों में लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर उपजे विवाद के बीच एकबार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्वनि प्रदूषण नियम के प्रविधानों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया है। यह आदेश दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मंख्यमंत्री ने बुधवार को सर्किट हाउस में विकास परियोजनाओं के प्रगति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी में चल रहे विकास व निर्माण परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर पूर्ण कराए जाने का अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होली पर्व को उन्होंने सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थलों के साथ ही बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं, दुकानों, प्रतिष्ठानो में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गौ तस्करों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। इसकी जवाबदेही तय करने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। उन्होंने राजस्व से संबंधित वादों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि लंबे समय से एक ही पटल पर जमे लोगों एवं शिथिलता बरतने वाले कर्मियों को हटाया जाए। सीएम हेल्प लाइन और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मेरिट के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में गतिमान परियोजनाओं का



गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। इसमें शिथिल कार्य करने वाली संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक निमार्णाधीन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही प्रत्येक सप्ताह जांच कराकर रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया। गर्मी के दृष्टिगत कही भी पेयजल की समस्या न आने पाए। समुचित पेयजलापूर्ति के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन के दौरान जनपद में जिला प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर प्रशंसा की। उन्होंने फ्लाईओवर के पिलरों पर अच्छी पेंटिंग के साथ ही अच्छे विज्ञापन डिस्प्ले कराए जाने पर भी जोर देते हुए शहर में लगे बेतरतीब तरीके से होर्डिंग को हटाकर उसे व्यवस्थित कराए जाने का निर्देश दिया। ठेला, पटरी व्यवसायियों के लिए शहर में पर्याप्त वेंडिंग जोन बनाए जाने के साथ ही नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण को समुचित स्थलों का चयन कर वहां वाहन पार्किंग बनाए जाने की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए सस्ते भोजन, निःशुल्क पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने का भी उन्होंने निर्देश दिए। जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हुए एमओयू के सापेक्ष अब तक निवेश की जानकारी लेते हुए इसमें प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास एवं सस्ती कैंटीन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन वाले स्थलों, होलिकोत्सव, शोभा यात्रा की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शहर में बेहतर ट्रैफिक मैनजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट के साथ ही आमजन, श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के साथ पुलिस प्रशासन के कार्मिकों द्वारा अच्छा व्यवहार किए जाने पर विशेष जोर दिया।

# होली भाई चारे और प्रेम का त्योहार है, यह हमे आपसी मतभेद भुलाकर एकता का सन्देश देता हैं: दिलीप जायसवाल

**पटना(संवाददाता)**। कपूर्री ठाकुर हॉल, दरोगा राय पथ में होली मिलन सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया` इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल जी ने कहा कि होली भाई चारे और प्रेम का त्योहार है, यह हमे आपसी मतभेद भुलाकर एकता का सन्देश देता है। उन्होंने समाज में समरसता और सद भावना को बढ़ावा देने का आग्रह किया। होली मिलन कार्यक्रम में युवाओं में नई उर्जा का प्रवाह होता है` इस अवसर डा. दिलीप जायसवाल ने गुलाल से तिलक कर होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी ।प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री भीखू भाई दलसानिया जी ने होली के मिलन के अवसर पर कहा कि होली शांति तरीके से मनाये साथ ही साथ यह भी कहा कि जिन घरों में होली नहीं मनाई जा रही है उन घरों में जाकर होली का पर्व खुशी पूर्वक मनाये` होली मिलन के अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह आपसी भाई चारा का पर्व है इस त्योहार के अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने नौजवानों से अपील कि आप लोग गरीब बेजुबानों के बिच होली मिल जुल के मनाकर एक मिशाल कायम करें`होली मिलन समारोह में बिहार के उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा जी ने कहा की इस बार होली राष्ट्रीय पर्व के रूप में हम लोग माना रहे है हमें देश में आपसी भाई चारा का सन्देश देना है, उन्होंने यह भी कहा की भारत के प्रधानमंत्री ने श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भाई चारा का एक मिशाल कायम किये है` उन्होंने यहाँ भी कहा कि विपक्ष के लोग जो



पुआ पका रहे हे वह पुआ पकने वाला नहीं है, उन्होंने होली के अवसर पर ढोल बजाकर चुनाव का भी शंखनाद किया ।बिहार सरकार के मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि यह होली मिलन आपसी भाई चारा के आलावा दिल का मिलन है` इनके नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कीं इस अवसर पर विधायक संजीव चौरसिया जी, महिला मोर्चा की नेत्री ललिता सिंह तथा पटना के भाजपा विभिन्न मंडल के अध्यक्ष मौजूद थे`इस होली मिलन समारोह के अवसर पर मृतुन्जय ओर्केस्ट्रा ग्रुप ने रंग बरसे भीगी चुनर वाली रंग वरसे, होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा, होलिया में उड़े ला गुलालङ्ग आदि होली के गानों से मिलन समारोह में समा बांध दिया।इस अवसर पर समाजिक न्याय सघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद एवं भाजपा नेता आजाद गांधी ने सभी को होली की बधाई दी व सभी के परिवार में खुशहाली की कामना की ।समाजिक न्याय संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस राज ने कहा कि इसी तरह होली मिलन पर्व मनाने के साथ सभी लोग आगे बढ़ते रहे व सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी भूमिका अदा करते रहे` होली मिलन समारोह भारी संख्या में भाजपा नेतओं की उपस्थिति देखने को मिली मुख्य रूप से सामाजिक न्याय संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष नूतन पटेल, शिवपूजन सिंह, नमो सिंह, कमला प्रसाद, अमित कुमार, मनीष ठाकुर, नितिराज गाँधी, संजय ठाकुर, अभय ठाकुर, चंदमौली ठाकुर, सतीश ठाकुर, अजय ठाकुर, विनोद यादव, राम नरेश महतो सहित सैकड़ो साथी ने संगीत एवं विभिन्न वयंजनों का आनंद लिया।

# यह देश सबका है, साथ मिल कर मनाएं होली और रमजान: उपेंद्र कुशवाहा

**पटना**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने रंग पर्व होली की बिहार और देश के लोगों को मुबारकबाद दी और कहा कि यह देश सबका है, सब साथ मिल कर मनाएं होली-रमजान। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने बयान जारी कर कहा कि रालोमो नेता उपेंद्र कुशवाहा ने होली पर लोगों से अमन, शांति, भाईचारा बनाए रखने की अपील की और कहा कि होली में एक-दूसरे के साथ रंग खेलें लेकिन किसी के साथ जोर-जबर्दस्ती न करें। उन्होंने लोगों को केमिकल रंगों से बचने की सलाह दी और कहा कि इसकी जगह प्राकृतिक रंगों या फूलों का इस्तेमाल लोग करें ताकि रंग-गुलाल खेलने वालों को किसी तरह का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि होली संयम के साथ खुशियां मनाने का पर्व है इसलिए सब लोग संयम और सादगी के साथ होली मनाएं.

मल्लिक के मुताबिक उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि पर्व-त्योहारों में किसी तरह की सियासत नहीं होनी चाहिए। होली और जुमा एक दिन होने पर उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार तो नहीं हुआ है। पहले भी होली के दौरान जुमा की नमाज पढ़ी जाती रही है और कहीं कोई हंगामा या विवाद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे देश में समाज का जो तानाबाना है उस पर इस तरह की बातों से बहुत ज्यादा असर नहीं हो सकता है क्योंकि हमारा देश अनेकता में एकता का संदेश देता है। हमारे देश में हर तरह के लोग हैं, हर जाति, हर धर्म और हर आस्था के लोग हैं, उनकी राय अलग-अलग हो सकती है लेकिन राष्ट्रीय भावना सबके अंदर होती है इसलिए इस तानेबाने को एकाध लोग नहीं बिगाड़ सकते।

मल्लिक के मुताबिक कुशवाहा ने इस तरह के विवाद को फजूल बताते हुए कहा कि इससे न राष्ट्र का भला होगो, न राज्य का और न ही समाज का। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सिर्फ सुर्खियों में रहने के लिए कुछ भी बोल देते हैं लेकिन हमारा समाज उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने साफ किया कि बिहार में नीतीश कुमार की अगुआई वाली सरकार इस तरह के मामलों को लेकर बहुत ही सख्त है और कोई भी अगर गड़बड़ी करने की कोशिश करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कुशवाहा ने धमार्चार्यों को भी सलाह दी कि वे धर्म के काम में लगे हैं अच्छी बात है, वे ऐसा करते रहें।

# जलायें नहीं बल्कि फसल अवशेष उचित प्रबंधन करें किसान : विजय कुमार सिन्हा

**पटना**। उपमुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री, बिहार श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में गेहूँ की कटनी आरम्भ हो रही है। यही समय है कि किसान भाई-बहन गेहूँ की खूँटी, अवशेष आदि को खेतों में नहीं जलायें, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें।

माननीय मंत्री ने कहा कि फसल अवशेष को खेतों में जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जल कर नष्ट हो जाता है। इसके कारण मिट्टी की उर्वरा-शक्ति कम हो जाती है। साथ ही, मिट्टी का तापमान बढ़ने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केंचुआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से ही मिट्टी जीवंत कहलाता है। फसल अवशेषों को जलाने से जमीन में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी में नाईट्रोजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण फसलों का उत्पादन घटता है। माननीय मंत्री द्वारा बताया गया कि इसके लिए सभी जिलों में किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है तथा जिन-जिन इलाकों में ऐसी समस्याएँ ज्यादा थी, वहाँ के किसान सलाहकारों एवं कृषि समन्वयकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह गाँव-गाँव जाकर किसानों से मिले तथा उन्हें जागरूक करें। सभी जिला पदाधिकारियों को भी इसका लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। सभी कृषि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों को भी इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षित करने एवं इसके कुप्रभाव के बारे में जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है।

माननीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि यांत्रिकरण योजना के अंतर्गत किसानों को फसल अवशेष को प्रबंधन करने से संबंधित कृषि यंत्रों यथा हैप्पी सीडर, रोटरी मल्चर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एस॰एम॰एस॰), रोटरी सलेशर, जीरो टिलेज/सीड-कम-फर्टिलाईजर, पैडी स्टॉचौपर, आदि यंत्रों पर 75 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को अभी डी॰बी॰टी॰ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान से वंचित किया जा रहा है, अब उन्हें गेहूँ अधिप्राप्ति के लाभ से भी वंचित करने की कार्रवाई की जाये। बार-बार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर उ१.ढ.उ के सुसंगत धारा-133 के तहत एवं आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जाये।

# बिहार विधानसभा चुनाव के बाद जीत की होली मनाएंगे: चिराग पासवान

**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पटना स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित की गई जिसमें पार्टी के सांसद पूर्व विधायक प्रदेश के सभी नेता और पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए । इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने पिता के तैलचित्र पर अबीर चढ़ाकर उन्हें नमन किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं समेत सभी बिहार वासियों और देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी के होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद जीत की होली मनाएंगे। यह तो खुशियों की रंगों की शुरूआत है। असली होली इस बार हम लोग नवंबर में मनायेंगे जब पुनः एनडीए की बड़ी जीत होगी। श्री चिराग ने होली की बधाई देते हुए कहा कि यह होली का त्यौहार हम सबके जीवन में नई खुशियां तथा खुशियों का रंग लेकर आए कामना करता हूं । हम सबने कई ऐसी होली देखी जो संघर्ष वाली थी और उसके बावजूद भी उस होली का रंग वैसा ही बरकरार रहा उस होली को उसी उत्साह के साथ हम लोगों ने मनाया और आज आप सबके मेहनत का नतीजा है ना सिर्फ पार्टी अपने पुराने रंग में अपने पुराने वर्चस्व में पहुंची है ,बल्कि एक लंबे समय के बाद हम लोग वही होली मना रहे हैं, जहां हमारे नेता, मेरे पिता रामविलास पासवान जी दशको तक होली मनाते रहे । आज उन्हीं के जगह पर उन्हीं के कार्यालय में हम लोग होली मना रहे हैं। यह



साल हम सबों के लिए महत्वपूर्ण साल है यह साल बिहार एक नया इतिहास लिखने जा रहा है इस साल बिहार विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है इस चुनाव में न सिर्फ एनडीए एनडीए का रंग होगा बल्कि उस चुनाव में एनडीए भारी मतों से जीत कर अपनी सरकार भी बनायेगा और उस सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की होगी। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने अबीर गुलाल के साथ रंग की होली भी खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी की मां रीना पासवान ने कार्यकताओं को अबीर लगाकर आशीर्वाद दीं। पार्टी के कार्यकताओं ने होली मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में होली से संबंधित व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इस अवसर पर श्री चिराग को बधाई देने जदयू विधान पार्षद दिनेश सिंह सांसद रामकृपाल यादव युवा नेता अभिमन्यु यादव समेत कई गणमान्य ने मिलकर उन्हें होली की बधाई दी । पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के सांसद अरुण भारती राजेश वर्मा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी राष्ट्रीय महासचिव शंकर झा बाबा हुलास पांडे प्रधान महासचिव संजय पासवान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, अशरफ अंसारी , वेद प्रकाश पांडे विष्णु पासवान, प्रदेश महासचिव पंकज पांडे, रवि रंजन सिंह, माधुरी झा, इंदिरा सिंह, इंदु कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, विनीत सिंह, अनुपम पासवान, जितेंद्र यादव,चंदन यादव, सुनील यादव मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार, निशांत मिश्रा ओमप्रकाश भारती समेत हजारों पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दत्तक ग्रहण प्रक्रिया से बिटिया को मिला उसका परिवार: जिलाधिकारी




**जमुई, नवशक्ति (प्रभाकर कुमार)**। जिला अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय के माध्यम से पहली बार दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए एक बालिका को पंजाब के दंपति को गोद दिया गया 'इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने बताया कि यह मेरे लिए सुखद अक्षर है की दत्तक ग्रहण विनियमन 2022 के निहित प्रावधान अनुसार आज पंजाब के एक दंपति को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान जमुई में आवासित नवजात शिशु (बालिका) को अंतिम रूप से गोद दिया गया है, निश्चयिया प्रक्रिया वैसे अनाथ, बेसहारा, परित्यक्ता गुमशुदा शिशुओं के सक्षम परिवार में पुनर्वासन के लिए हितकारी प्रक्रिया है 'जिसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से निसंतान माता-पिता अथवा दत्तकग्रहण हेतु योग्य दंपतियों को मिलता है 'इस अवसर पर उन्होंने आगे कहा कि मैं जनता से यह अपील करना चाहूंगी कि यदि कोई अनाथ, बेसहारा, परित्यक्ता अथवा गुमशुदा शिशु कहीं दिखे तो वे इसकी सूचना चाइल्ड हेल्थ लाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर हां तो आप विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान दे ताकि उचित प्रक्रिया अनुरूप उनका पुनर्वास किया जा सके 'मौके पर पंजाब के दत्तक ग्राही दम्पति ने जहां एक ओर नवजात शिशु बालिका (बालिका) को पाकर अपना परिवार पूर्ण होने की बात करते हुए खुशी का इजहार किया ' वही संस्थान के नोडल पदाधिकारी सह सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई सूरज कुमार व अन्य कर्मियों ने दत्तक ग्रहण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर संतोष का भाव प्रकट किया।

### अमन कुमार पाल को पटना जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत



**पटना**। राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सहनी ने पटना जिला के धनरूआ प्रखंड के निवासी अमन कुमार पाल को पटना जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू कुमार सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार प्रभात वर्मा, मोतीलाल शर्मा, मानिकचंद सहनी, सचिन सहनी, बिंदु सहनी , जयमंगल राम, श्रवण पासवान, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष धनंजय यादव, जीबोधन निषाद , नंदकिशोर यादव, संजय यादव, अरुण कुमार यादव इत्यादि लोगों ने इनको उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया है।

# जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन के यहां मनाया गया होली मिलन समारोह

**पटना**। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष और जद यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद के यहां आज भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जीकेसी द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह में भारी सख्या में जीकेसियन सहित कायस्थ एवं अन्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद और प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने किया। साथ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. नम्रता आनंद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक भी थे।

इस मौके पर ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने होली खेलते समय सावधानी बरतने की अपील की तथा कहा कि नेचुरल या प्रारृतिक रंगों अथवा फूलों से इस होली को मनाएं। प्रबंध न्यासी ने भी सभी से कहा कि इस होली को हर्बल होली मान कर मनाएं।




उद्घाटन के पश्चात जीकेसियनों ने जमकर होली खेली और धमाल मचाया। गाना बजाना और नृत्य से माहौल पूरी तरह से फगुआ का हो गया। जीकेसियन महिलाओं के भी पांव थिरकते दिखे। होली पर आधारित विभन्न फिल्मी और लोक गीतों की प्रस्तुति ने शमां बांध दिया था। इस तरह फूलों एवं गुलाल के रंगों के साथ राग रस का भी आनंद लोगों ने उठाया। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. निहोरा प्रसाद यादव, अभिषेक झा, परिमल कुमार, मनीष कुमार,अजीत पटेल,अकबर अली,महेश दास ,अजय निषाद, हिमराज राम, ई. राजेंद्र यादव,नागेन्द्र कुमार, सबिहुद्दीन अहमद सीफू,नविश नवेंदु, मौयालीक शोपकीपर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार डब्लू, डॉ मनोज संढवार, संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल आनन्द सन्नू एवं मुकेश महान, प्रदेश महासचिव संजय सिन्हा, दीप श्रेष्ठ, संजय कुमार सिन्हा, रवि सहाय, राष्ट्रीय संयोजक धनंजय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, बलिराम श्रीवास्तव, डॉ निशा पराशर, रविशंकर सिन्हा, युवा अध्यक्ष राहुल मणि, श्रेयांश मोहन वर्मा, अमिताभ वर्मा, अमिताभ ऋतुराज, राजेश सिन्हा, सुजीत कुमार सिन्हा, विनीता कुमारी, शशांक शेखर सिन्हा, डॉ वी.के. सिन्हा, सहित सैंकड़ों जीकेसियन उपस्थित थे। अंत में वहां उपस्थित सभी लोगों ने होली विशेष पकवान का स्वाद भी लिया।

# यमुनानगर में होला-मोहल्ला में भाग लेने लिये तख़्त साहिब से जत्था रवाना



**बृजेश गोस्वामी**

**पटना सिटी**। पटना साहिब तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब से करीब 115 संगतों का जत्था डेरा संत निश्चल सिंह जी थड़ा साहिब जोड़ियां यमुनानगर में मनाए जा रहे हौला-मोहल्ला समागम में भाग लेने के लिए पटना साहिब से ट्रेन द्वारा रवाना हुआ।

माता राज कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि महंत करमजीत सिंह द्वारा हर वर्ष मनाए जाने वाले होला मोहल्ला कार्यक्रम में जहां देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, वहीं पटना साहिब की संगत भी उत्साह के साथ शामिल होती हैं। उन्होंने बताया कि आज तख्त पटना साहिब में अरदास करने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो गया है ,जो 13 मार्च की शाम को यमुनानगर पहुंचेगा। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद यह जत्था 18 मार्च को यमुनानगर से पटना साहिब के लिए रवाना होगा ।

# वफा का दीप जलाना है क्या किया जाय, खिलाफ सारा जमाना है क्या किया जाए?

**पटना**। अमेठी से पधारी अखिल भारतीय मंचों की सुचर्चित और सुकंठी शायरा संदल अफरोज ने जैसे ही यह शेर पढ़ा कि वफा का दीप जलाना है क्या किया जाय? खिलाफ सारा जमाना है क्या किया जाए?/ उन्हें ये ज़िद है कि इजहार कीजिए गम का/ मुझे भी कौल निभाना है क्या किया जाए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सैकड़ों हाथ खुले और तालियों की अनुगूँज से खचाखच भरा सभागार गूँज उठा। देश-विदेश के मंचों पर अपनी संजीदा शायरी से यश बटोर चुके कोटा, राजस्थान के शायर डा कुँवर जावेद, नवगीत के राष्ट्रीय हस्ताक्षर आजमगढ़, उत्तरप्रदेश के कवि वैभव वर्मा, हास्य और व्यंग्य के शीर्षस्थ हस्ताक्षर वाराणसी के कवि डा चकाचौंध ज्ञानपुरी, बनारस के ही ख्यातिनाम हास्य-कवि विकास बौखल, धौलपुर, राजस्थान के गीति-हास्य-कवि रामबाबू सिकरवार, देवरिया के चर्चित कवि बादशाह प्रेमी और सतना, मध्य प्रदेश की चर्चित कवयित्री कृपा संगम की दिल में उतरने वाली रचनाओं से सम्मेलन की दीवारें संध्या तक गाती-गुनगुनाती रही। हास्य-पिचकारियों में होली के रंग भर-भर कर कवियों ने रंगीन फुहारों से श्रोताओं को जी भर कर नहलाया। आनन्द-विभोर श्रोता रस-फुहारों में नहाते और झूमते रहे। अखिल भारतीय गीत गजल मंच के तत्त्वावधान में, बुधवार को मंच और सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की अध्यक्षता में यह राष्ट्रीय वसंतोत्सव कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसका उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार और रुबन मेमोरियल अस्पताल के निदेशक डा सत्यजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डा सिंह ने




सभी आमंत्रित कवियों को सम्मेलन द्वारा प्रदत्त उपाधि 'कवि-कुल-गौरव' और कवयित्रियों को 'कवि-कुल-चूड़ामणि' अलंकरणों से सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित सभी कवियों और कवयित्रियों को अंग-वस्त्रम, स्मृति-भेंट और सम्मान-पत्रों के साथ ग्यारह हजार रूपए की सम्मान-राशि प्रदान की। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध मनोरोग-विशेषज्ञ डा विनय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

आयोजन के सूत्रधार और अनेक राष्ट्रीय कवि-सम्मेलनों के संयोजक-संचालक काव्यप्रेमी ई आनंद किशोर मिश्र के संचालन में आयोजित इस कवि-सम्मेलन का आरंभ सतना, मध्यप्रदेश की कृपा संगम ने वाणी-वंदना से किया।

डा कुँवर जावेद ने आज के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए सद्भावना की ये पंक्तियाँ पढ़ी कि वह लोग साहिबे कुरआन हो नही सकते/किसी भी धर्म की पहचान हो नहीं सकते/ जो उग्रवाद को यारों जिहाद कहते हैं/ वह और कुछ हैं, मुसलमान हो नहीं सकते। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि दुरंगे लोग तिरंगे की बात करते हैं।

वैभव वर्मा का कहना हुआ- इन आंसुओं को अपना मुक़्क़दर बना लिया। तन्हाइयों के शहर में एक घर बना लिया / सुनते हैं पत्थरों को यहाँ पूजते हैं लोग/ इस वास्ते इस दिल को ही पत्थर बना लिया।

डा चकाचौंध ज्ञानपुरी, विकास बौखल और रामबाबू सिकरवार ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हँसा -हँसा कर रुला दिया। चकाचौंध जी ने कहा - स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव हम इस तरह मनाएँ हैं/ कि सन सैंतालिस से ए के सैंतालिस तक आए हैं। बौखल ने आह्वान किया कि किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए/ सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। कवयित्री कृपा संगम के शब्द और स्वरों की साधना ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। उनकी इन पंक्तियों को खूब दाद मिली कि ङ्गकोई ऐतवार में नहीं आया/ कोई इंतजार में नहीं आया/ मुझसे टूटे हैं दिल बहुत लेकिन कोई अखबार में नहीं आया। अपने अध्यक्षीय काव्य-पाठ में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने अपनी गजल, ङ्गतड़प है कि तलब है कि ज़िद है बाकी/ यह दिल भी धड़कता है कि उम्मीद है बाकीङ्ग के माध्यम से ज़िन्दगी में उम्मीद रखने की हिमायत की। उन्होंने इस कवि सम्मेलन को एक यादगार और शानदार कवि-सम्मेलन बताया।

सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा पूनम आनंद, आचार्य आनन्द किशोर शास्त्री, श्याम बिहारी प्रभाकर, डा शालिनी पाण्डेय, डा प्रतिभा रानी, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कृष्ण रंजन सिंह, कुमार अनुपम, पं यज्ञ नारायण पाण्डेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, ई अशोक कुमार, सदानन्द प्रसाद, बच्चा ठाकुर, उत्तरा सिंह, सुनील कुमार, डा पुष्पा जमुआर समेत सैकड़ों की संख्या में सुधी दर्शकों की उपस्थिति रही।

# पटना जीपीओ के Post Shoppe में मोरिडॉल चाय की बिक्री का हुआ शुभारंभ

**पटना।** पटना जीपीओ के Post Shoppe में, बिहार सर्किल द्वारा मोरिडॉल चाय की बिक्री का शुभारंभ पवन कुमार, निदेशक (मुख्यालय) डाक सेवाएं, बिहार ने अपने कर कमलों द्वारा किया, जो डाक विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन डाक विभाग के अपने ग्राहकों के प्रति समर्पण और उनकी सेवाओं का विस्तार करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।




श्री पवन कुमार ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया जो दशार्ता है कि विभाग समय के साथ कैसे बदल रहा है और अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए-नए रास्ते तलाश रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विविध प्रकार के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनकी जिंदगी आसान हो और उन्हें एक ही स्थान पर अपनी सभी जरूरतों के लिए समाधान मिल सके। डाक विभाग पहले से ही विभिन्न प्रकार की वित्तीय और डाक सेवाएं प्रदान करता है, जैसे बचत खाते, सावधि जमा, मनी ऑर्डर, स्पीड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, आदि। यह सेवाएं आम आदमी की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी हैं और डाक विभाग को देश के सबसे बड़े सेवा प्रदाताओं में से एक बनाती हैं। अब मोरिडॉल चाय की बिक्री के साथ, Post Shoppe ग्राहकों को चाय का एक और बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगा, जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मोरिडॉल चाय अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जानी जाती है, और डाक विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि यह उत्पाद ग्राहकों को किफायती दामों पर उपलब्ध हो, ताकि हर कोई इसका आनंद ले सके। इससे ग्राहकों को एक ही स्थान पर अपनी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने में सुविधा होगी। अब उन्हें चाय खरीदने के लिए अलग-अलग दुकानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे अपनी सभी जरूरतों के लिए अपने नजदीकी डाकघर का रुख कर सकेंगे, जो अक्सर उनके घरों के नजदीक स्थित होता है। यह पहल डाक विभाग की आय में वृद्धि करने में भी सहायक होगी और साथ ही, ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद किफायती दामों पर उपलब्ध कराएगी। इससे डाक विभाग को अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने और ग्राहकों को और अधिक लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

डाक विभाग का लक्ष्य है कि वह अपने ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवाएं प्रदान करे और उनकी ज़िंदगी को आसान बनाए। मोरिडॉल चाय की बिक्री इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है जो दशार्ता है कि डाक विभाग अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझता है और उन्हें पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डाक विभाग का मानना है कि यह पहल ग्राहकों को बहुत पसंद आएगी और इससे डाकघरों की लोकप्रियता में और इजाफा होगा, क्योंकि अब वे एक ही स्थान पर अपनी विभिन्न जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।

इस अवसर पर रंजय कुमार सिंह, चीफ पोस्टमास्टर, पटना जीपीओ, कुमारी सरिता डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, सहित डाक विभाग के कई वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 2,428 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित, 101 का लाइसेंस रद्द

**पटना।** राज्य में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अप्रैल 2024 से अब तक, पुलिस/ यातायात पुलिस की सिफारिशों के आधार पर 2,428 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया गया हैं, जबकि 101 वाहन चालकों का लाइसेंस रद्द किया गया है।




परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन यथा रैश ड्राइविंग (गलत तरीके से वाहन चलाना), ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग तथा बार-बार यातायात नियमों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधित वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, और उनके लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किए जा सकते हैं। इसके साथ ही, उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

राज्य में पुलिस/ट्रैफिक की ओर से 1592 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं 61 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की गई थी, जिसमें 1586 वाहन चालकों का विभिन्न जिलों में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं 61 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की करने की कार्रवाई की गई है।

**विभिन्न जिलों में डीटीओ द्वारा 842 का डीएल निलंबित**

पटना सहित विभिन्न जिलों में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा 842 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं 40 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई है।

## दर्जनों संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में आज तीसरे दिन भी विजय चौधरी का पुतला दहन किया गया: फैक्टनेब

**पटना।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर आज तीसरे दिन भी राज्य के दर्जनों संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू नेता विजय कुमार चौधरी का पुतला दहन किया गया। ज्ञातव्य हो कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के महत्व और औचित्य को सिरे से नकारते हुए परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान करने के सवाल पर विधानमंडल में नकारात्मक व्यक्तव्य देने वाले बिहार सरकार के मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी का 10 मार्च से 19 मार्च तक पुरे बिहार में फैक्टनेब के आह्वान पर पुतला दहन किया गया जा रहा है। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डॉ शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि परीक्षा परिणाम आधारित वेतनानुदान के बदले वेतन संरचना निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान की मांग को लेकर फैक्टनेब द्वारा लगातार आन्दोलन जारी है। संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी 10 मार्च से 19 मार्च तक महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं विभिन्न स्तरों पर पुतला दहन के पश्चात आगामी 20 मार्च विधानमंडल के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का कार्यक्रम निर्धारित है।

# BSPHCL एनर्जी पार्क पटेल नगर रोड नंबर 1में ईशान किशन क्रिकेट अकादमी का हुआ उद्घाटन

**पटना।** BSPHCL एनर्जी पार्क पटेल नगर रोड नंबर 1में ईशान किशन क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन क्रिकेटर ईशान किशन कमिश्नर प्रत्य अमृत, कोच इशांक जग्गी के मौजदूगी में फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकास आयुक्त, प्रत्यय अमृत कोच इशांक जग्गी थे। ईशान किशन अकादमी के प्लेयर से बात करते हुए बोले आप लोग अच्छे से क्रिकेट को समझे और प्रैक्टिस करे जो आपके कोच हैं बहुत बढ़िया प्लेयर भी है। बिहार के युवा बहुत मेहनती और ऊजार्वान होते है। राज्य के साथ देश का नाम रौशन करने में आपकी सहभागिता जरूरी है। मुझे उस दिन बहुत गर्व महसूस होगा जिस दिन ईशान किशन अकादमी के प्लेयर मेरे साथ इंटरनेशनल मैच में ओपनिंग करेंगे। आप लोग बहुत ही पोटेंशियल है मै जब बच्चा था तो मैं सोचता था सबसे अच्छा प्रैक्टिस कहां करने को मिलेगा लेकिन आज आप लोगों को ये बात सोचने की जरूरत नहीं आपके सामने ईशान किशन अकादमी है। आप लोग बहुत कुछ कर सकते है। ईशान किशन अकादमी के कोच बनाए जाने पर जग्गू राणा धन्यवाद देते हुए बोले कि आज मेरा एक सपना पूरा हुआ मुझे बहुत खुशी महसूस हो रहा हैं यहां आ कर। हमलोग का टारगेट हैं बिहार से ज्यादा से ज्यादा क्रिकेटर क्रिएट हो। क्योंकि यहां के हर प्लेयर में एक अलग क्षमता है सिर्फ उनको सही मार्गदर्शन की जरूरत है और वो बच्चें जो क्रिकेट प्रेमी है क्रिकेट खेलना चाहते हैं उनको क्रिकेट जरूर सिखाया जाएगा। विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों के लिए सौभाग्य की बात है कि इशांक जग्गी जैसे कोच के प्रशिक्षण में आप लोग क्रिकेट सीखेंगे क्योंकि इशांक जग्गी अच्छे कोच के साथ अच्छे क्रिकेटर भी है। ईशान किशन आप पर हमलोग को गर्व है आप आज राज्य के साथ देश का नाम रौशन कर रहे है। ये अकादमी खुलने के बाद मुझे पूरा विश्वास हैं कि अधिक से अधिक प्लेयर यहां से नेशनल, इंटरनेशनल, क्ढछ में खेलेंगें। आप लोगो को बहुत बहुत बधाई।उद्घाटन समारोह में ईशान किशन के पिता ,मां ,दादी और सभी परिवार के लोग भी मौजूद थे।



## बिहार में संयुक्त वृद्धाश्रम व अनाथाश्रम बने: डॉ सी पी ठाकुर



**पटना।** सेवा-भक्ति संस्था के अध्यक्ष दीपक ठाकुर व सचिव श्वेता श्रीवास्तव के संयोजन से पद्मभूषण डॉ सी पी ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में सेवा भक्ति संस्था ने अगमकुआं, पटना में सहारा वृद्ध आश्रम में रहनेवाले वृद्धों के बीच नूतन वस्त्र का वितरण एवं रंग गुलाल मिठाई देकर उनके जीवन में खुशी लाने का प्रयास किया। महिलाओं को साड़ी व पुरुषों को कुर्ता पैजामा दिया गया।

दीपक ठाकुर ने कहा कि वृद्धाश्रम में काम करने की प्रेरणा तब मिली जब किसी ने कहा कि आपके पिताजी के बनवाए रोड से हमारे जमीन की कीमत इतनी बढ़ी कि बेटों ने संपति लिखवाकर उन्हें घर से बेदखल कर दिया।

श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा-भक्ति शीघ्र ही एक संयुक्त वृद्धाश्रम व अनाथाश्रम बनाने का सरकार से अनुरोध करेगी ताकि वृद्ध को बच्चे और बच्चों को बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिले। भाजपा नेत्री सजल झा ने सेवा- भक्ति के प्रयासों की भूरि- भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर स्वाति सिन्हा, माला सिन्हा, निधि सिंह, संगीता गुप्ता, आशा सिन्हा, स्मृति सिन्हा ,नेहा माधुरी सिन्हा ,बिंदु सिंह, नीलम सिंह, मेनका सिंह ,रश्मि त्रिवेदी भी उपस्थित रहीं।

## युवा विकसित भारत का सपना करेगे साकार - प्रेम कुमार




**पटना।** प्रधान मंत्री नरेंद मोदी के आह्वान पर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय माई भारत की ओर से विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। प्रेम यूथ फाउंडेशन अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी युवा संसद में सुनिश्चित कराने को लेकर फाउंडेशन परिषर गोविंदपुर में स्वयंसेवको के साथ विमर्श किया। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर इंजीनियर सुरजीत कुमार ने बताया कि सुवे के कोई भी युवा जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के है एक मिनट का विडिओ बनाकर माई भारत पोर्टल पर डाल सकते है जिसमे से उत्कृष्ट विडिओ का चयन कर उन्हें जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शामिल कराया जायेगा। जिला से चयनित होने पर राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने में युवा महत्वपूर्ण कड़ी है। विकसित भारत युवा संसद को सफल बनाने में एनवाईकेएस, एनएसएस, एनसीसी, विश्विद्यालय, महाविद्यालय, युवा क्लब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि युवा ही है भारत के भाग्य विधाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलीबार युवाओ को केंद्र में रखकर योजना बनाया है। विकसित भारत युवा संसद के माध्यम से युवाओ के भावना से रूबरू होगे प्रधानमंत्री। उन्होंने युवा क्लब, विज्ञान क्लब, किसान क्लब, शिक्षण संस्थानों, राजनेताओं, उद्योगपतियों, पत्रकारों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक युवाओ के विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने के लिए प्रेरित करे। मौके पर सुनील कुमार यादव, अजय कुमार तांती, हिमांशु जयसवाल, मो सद्दाम, प्रिंस कुमार, लक्ष्मन कुमार, कन्हैया कुमार,राजेश कुमार पांडेय समेत सैंकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# नन्हे हाथों ने जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल, खूब खेले होली



**जहानाबाद।** स्थानीय उतरी गांधी मैदान स्थित महर्षि विद्या पीठ में बुधवार को नन्हें- मुन्ने बच्चों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह की शुरूआत विद्यालय निदेशक साकेत रौशन के द्वारा बच्चों को तिलक लगाने से हुई। गुरुजनों ने सभी छात्रों को मंगल कामना का आशीर्वाद दिया तो वहीं छात्रों ने भी गुरुजनों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी उसके उपरांत बच्चों ने अपने नन्हें और कोमल हाथों में रंग और गुलाल भरकर

एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और जमकर होली सेलिब्रेट किया। इस दौरान स्कूल में मौजूद बच्चे बॉलीवुड के गानों की धुन पर जमकर धमाल मचाया एवं एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। विद्यालय निदेशक साकेत रौशन ने कहा कि इस पर्व का अपना एक अलग महत्व है। यह हमारे जीवन में खुशियों और उल्लास के रंग भरता है। विद्यालय के प्रचार्या सोनाली शर्मा ने कहां कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक साकेत रौशन के अलावा प्राचार्या सोनाली शर्मा शिक्षिका श्रुति केशरी, ब्यूटी कुमारी, रीमा कुमारी, निशि कुमारी, पंकज कुमार, हिमांशु राज सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# नदियों को स्वच्छ एवं साफ रखने हेतु जीविका दीदियों ने ली शपथ

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति जहानाबाद के निदेर्शानुसार जिले के दरधा नदी एवं संगम घाट को स्वच्छ एवं सुंदर रखने को लेकर दरधा नदी के किनारे पर बसे घरों की महिलाएं एवं जीविका दीदी से जुड़े सदस्यों के साथ निदेशक डी.आर.डीए रोहित कुमार मिश्रा, जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान माधवेंद्र कुमार, डीपीएम, जीविका अनिता कुमारी द्वारा जागरूकता संवाद आयोजित किया गया। नदी किनारे बसे घरों की उपस्थित महिलाओं से निदेशक डी.आर.डीए के द्वारा अपील किया गया कि खुद भी नदी में कचरा ना डालें और लोगों को भी नदी में कचरा फेंकने से रोके जबकि जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार के सभी उपस्थित जीविका दीदियों से आग्रह किया की पहले खुद से शुरूआत कर नदी को प्रदूषण होने से बचाए तथा घर के सदस्यों को भी जागरूक करे कि नदी में कचड़ा न फेंके और अपने समूह के बैठक में भी लोगों को अपने क्षेत्र की नदियों को स्वच्छ रखने में मदद करें।



डीपीएम जीविका ने भी समूह के सदस्यों से अपील किया कि जिले के सभी नदियों को स्वच्छ रखे के लिए नदी के सटे गांवों में भी जागरूकता अभियान चलाए। सभी उपस्थित जीविका दीदियों को नदी के स्वच्छ रखने हेतु जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे के द्वारा स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया।

## यामाहा ने पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल लॉन्च की

**पटना।** इंडिया यामाहा मोटर ने आज अपनी पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल, 2025 एफजेड-एस एफआई हाइब्रिड लॉन्च करने की घोषणा की। इसकी कीमत 1,44,800 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। 2025 एफजेड-एस एफआई हाइब्रिड का डिजाइन पूरी तरह से संतुलित और आधुनिक है। टैंक कवर पर दी गई शार्प एज ने इसे और भी आकर्षक और सुडौल बना दिया है। इसने अपने खास लुक को बरकरार रखा है। इसकी डिजाइन में एक प्रमुख अपडेट यह है कि आगे के टर्न सिग्नल को अब एयर इनटेक एरिया में लगाया गया है, जिससे यह और भी दमदार और एयरोडायनैमिक दिखता है। अपनी श्रेणी में पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल के लॉन्च पर, यामाहा मोटर इंडिया ग्रुप के चेयरमैन श्री इतारू ओतानी ने कहा, भारत में यामाहा की यात्रा में एफजेड ब्रांड ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो हमारे ग्राहकों की बदलती उम्मीदों और व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर पीढ़ी के साथ विकसित हुआ है। इस सेगमेंट में हाइब्रिड तकनीक पेश करके, हम न केवल परफॉर्मेंस को बेहतर बना रहे हैं बल्कि राइडर के लिए आधुनिक और नई-नई खूबियां लाने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं। हमने ध् बाइक को हमेशा अपने ग्राहकों की पसंद के हिसाब से बनाया है। इसमें जो भी बदलाव किए गए हैं, वो ग्राहकों की राय से ही किए गए हैं। हम चाहते हैं कि लोगों को बाइक चलाने में मजा आए और उन्हें कोई परेशानी न हो। यह नई बाइक हमारी कोशिशों का नतीजा है।

# होली प्रेम सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने की अपील: बबलू मंडल

**खगड़िया।** जनता दल यूनाइटेड की ओर से बुधवार को शहर के आर्य समाज स्कूल स्थित मंगलम विवाह भवन में जदयू जिलाध्यक्ष बबलू कुमार मंडल तथा जदयू जिला उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां जदयू के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक - दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिल जिले वासियों के बीच प्रेम सौहार्द्र और भाईचारे जैसे पवित्र संदेश पहुंचाने का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मौके पर गायक कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत धार्मिक पात्रों पर आधारित होली गीत और जोगिरा पर जदयू नेतागण जमकर थिरके।वह उत्साह व खुशनूमा दृश्य माने ऐसा लग रहा था कि, माता कात्यायनी की धरती पर सांस्कृतिक विरासत को जीवंत और मनोरम छटा बिखेर रहा हो। समारोह को सम्बोधित करते हुए जदयू जिलाध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने एनडीए कार्यकताओं तथा जिले वासियों को होली त्योहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि होली पर्व प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने प्रेम सौहार्द्र और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील जिले वासियों से किया। जदयू जिला उपाध्यक्ष राजकुमार फोगला ने आगत अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए होली त्योहार को प्रेमानन्द और समता



सम्राज्य का परिचायक बताया। समारोह में परवत्ता विधानसभा प्रभारी पप्पू सिंह निषाद, सदर विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा, सुल्तानगंज विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार पटेल, जदयू, मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल,जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, सुबोध पटेल, जदयू जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा,चंदन कश्यप, उमेश सिंह पटेल, मनोज कुमार सिंह,अनिल जायसवाल, कोषाध्यक्ष संदीप केडिया, पूर्व जिला अध्यक्ष साधना देवी सदा, जिला उपाध्यक्ष रामविलास महतो, महासचिव पंकज कुमार सिंह उर्फ पिंकू मुखिया, जदयू नेता अविनाश पासवान, पूर्व प्रमुख परमानंद राय, राजेश सिंह मुखिया,सदर प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी मन्टून, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव नीतीश सिंह पटेल,श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव धर्मेंद्र महंतों, युवा जदयू जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी,कला संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सतीश आनंद, बबिता आनन्द, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौरसिया, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष ललित चौधरी ने कहा कि होली त्योहार को मिलजुल कर प्यार मुहब्बत के साथ मनाना चाहिए। जबकि राकेश पासवान शास्त्री ने तो 2025 - 225 बिहार के जे फेरू सीएम बनथीन बाबू नीतीश, जोगीरा सा रा रा रा जोगीरा कह सबको ताली बजाने और वाह वाह कहने पर मजबूर कर दिया।इस जोगीरा पर जदयू नेताओं का जोश आसमान चढ़ने लगा। इस अवसर पर सुभाष चंद्र जोशी, राजेश मेहता,वरीष्ट पत्रकार चन्द्रशेखरम ,दिलीप कुमार पोद्दार ,अनुज कुमार शर्मा, पंकज कुमार चौधरी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, अंगद कुमार, कमल किशोर पटेल, पंपी मिश्रा, राजीव ठाकुर, जयजयराम कुमार, नरेश कुमार, महंत पुलकित गोस्वामी, शनिचर सदा, पूर्व उप प्रमुख हीरालाल यादव, मन्टून साह, पूर्व जिला पार्षद पिंटू राम, एवं शशिकांत चौधरी आदि सैकड़ों जदयू नेता व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

नव शक्ति समाचार पत्र मैं प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुर्दित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI-BIHHIN/2012/43368

# होली और रमजान पर्व को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे सभी अधिकारी : उपायुक्त

**निर्मल महाराज**

**बोकारो**। होली और रमजान पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक किया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि होली एवं रमजान त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीजे में अश्लील भड़काऊ गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ सीओ थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों एवं आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, धारा 126 की कार्रवाई के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिवेदन तामिला ससमय समर्पित करने को कहा।उपायुक्त ने क्रमवार थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों की जानकारी थाना प्रभारियों बीडीओ सीओ से प्राप्त की। उन्होंने संवेदनशील स्थानों क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे। सभी थाना अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर,संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सभी बीडीओ झ सीओ एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएंगे। पर्याप्त संख्या में जिले को पुलिस बल उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर ग्रुप के एडमिन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहीं किसी के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री या नकली शराब की बिक्री नहीं हो, इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी अपने आंतरिक श्रोतों को सक्रिय रखेंगे। इससे पूर्व, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि कहीं किसी तरह की कोई चूक नहीं हो। सभी महत्वपूर्ण स्थानों चौक - चौराहों आदि पर दंडाधिकारी/पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। सभी ससमय पहुंच अपने दायित्व जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे। बैठक में मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, बेरमो एसडीपीओ वी एन सिंह, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी, सभी थानों के थाना प्रभारी ,पुलिस निरीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

## सीयूएसबी के कॉमर्स विभाग में एआई के युग में मार्केटिंग पर जेएनयू के डॉ. लोकेश जिंदल का अतिथि व्याख्यान



**पटना**। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के वाणिज्य और व्यवसाय अध्ययन विभाग ने दीक्षांत व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत ह्लएआई के युग में मार्केटिंगह्व विशेष पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को मार्केटिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के एकीकरण के बारे में समझाना था। अतिथि वक्ता डॉ. लोकेश जिंदल, एसोसिएट प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली ने अपने व्याख्यान की शुरूआत मार्केटिंग की नींव रखने और इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ने के साथ किया। उन्होंने बताया कि डिजिटल स्पेस की मदद से मार्केटर्स की जरूरतों, इच्छाओं और मांगों को लक्षित किया जा रहा है। एआई के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए डॉ. जिंदल ने बताया कि डिजिटल स्पेस में डेटा की प्रामाणिकता और प्रासंगिकता बढ़ी है और कंपनियों पर लागत का बोझ कम हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनियों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यात्मक मूल्यों के बजाय भावनात्मक मूल्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने व्याख्यान के अंत में सभागार में मौजूद छात्रों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार ने स्वागत भाषण में व्याख्यान श्रृंखला की एक संक्षिप्त अवधारणा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विभाग के छात्रों के साथ प्राध्यापकगण क्रमशः डॉ. राजनारायणन (सह प्राध्यापक), डॉ. प्रदीप राम, डॉ. पावस कुमार (कार्यक्रम समन्वयक) और डॉ. रचना विश्वकर्मा (कार्यक्रम समन्वयक), आदि मौजूद थे।

## सीयूएसबी के डॉ. पारिजात प्रधान ने श्रीलंका में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रिसोर्स पर्सन के रूप में हुए शामिल



**पटना**। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. पारिजात प्रधान, श्रीलंका के ओलुविल स्थित साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा एवं विभाग के प्राध्यापकों ने सम्मेलन में भागीदारी के लिए डॉ. पारिजात प्रधान को बधाई दी है। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि डॉ. प्रधान ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन कंटेम्पररी सोशल इश्यूजः ए ग्लोबल पर्सपेक्टिव विषय पर आयोजित सम्मेलन में श्विमेंस सिक्योरिटी एंड दी क्वेश्चन ऑफ प्राइवेसी इन दी डिजिटल वर्ल्डः ए सोशियोलॉजिकल व्यूश् (महिला सुरक्षा और डिजिटल दुनिया में गोपनीयता का प्रश्नः एक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण) विषय पर शोध पत्र के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए डॉ प्रधान ने सम्मेलन में एक तकनीकी सत्र में एक सत्र की सह-अध्यक्षता भी की है। साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका द्वारा इस तीन दिवसीय सम्मेलन को भारतीय समाजशास्त्रीय सोसायटी, नई दिल्ली, आरसी-25 (खेल का समाजशास्त्र) और इयान मदुरा, इंडोनेशिया के शिक्षा संकाय के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। डॉ प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित क्षेत्रीय यात्राओं के माध्यम से श्रीलंका के महाकाव्य और मंत्रमुग्ध कर देने वाले इतिहास और सुंदरता को भी देखा ।

## नेपाल के विदेश मंत्री ने बासुकीनाथ में किया पूजा अर्चना



**दुमका/ संवाददाता**। नेपाली विदेश मंत्री आरजू राणा देउवा फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी उपरांत चतुर्दशी बुधवार के दिन फौजदारी नाथ के दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।

जहां उनके पैतृक पंडा मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा ने विद्वान वैदिक पंडितों की उपस्थिति में नेपाली विदेश मंत्री को पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराया। इसके बाद उन्हें माता पार्वती काली एवं शत्रु संघारिणी बगलामुखी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की गई। पूजा पाठ के समापन के बाद मंदिर प्रांगण में बाबा मैया की उतारी गई। इस अवधि में मंदिर की सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई। अंत में उन्हें बाबा बासुकीनाथ का चित्र प्रदान कर सम्मानित करने का काम किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कच्चप थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल मंदिर प्रबंधक सुभाष राव लेखपाल मदन झा बद्री सहित अनेकों पांडा एवं पुरोहित मौजूद थे।

## आईएलएंडएफएस इनविट - रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट - एनएसई पर सूचीबद्ध




**पटना**। सफल इनवाइट लिस्टिंग से आईएलएंडएफएस के लिए अपने ऋण समाधान लक्ष्य को प्राप्त करने में एक और मील का पत्थर पूरा होने का संकेत मिलता है इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट (आरआईआईटी) इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया। इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ जे एन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री डैनी सैमुअल और नए बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे। आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री नंद किशोर ने कहा, आईएलएंडएफएस इनविट की सफल लिस्टिंग एक अभिनव समाधान विकल्प का प्रतिनिधित्व करती है जिसे नए बोर्ड द्वारा चुना और पूरा किया गया, जिससे हमारी सड़क परिसंपत्तियों के लिए रिटर्न को अधिकतम करते हुए कुशल समाधान सुनिश्चित हुआ। मुद्रीकरण, अंतरिम वितरण और अब एनएसई पर रोडस्टार इनविट की सफल लिस्टिंग, आईएलएंडएफएस समाधान प्रक्रिया में महत्वपूर्ण क्षण हैं। हम विशेष रूप से इस बात से संतुष्ट हैं कि यह पहल इनविट पोर्टफोलियो के तहत इन वर्तमान और भविष्य की सड़क परिसंपत्तियों की विकास क्षमता को काफी हद तक अनलॉक करेगी। रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री डैनी सैमुअल ने कहा, एनएसई पर आईएलएंडएफएस इनविट की सफल लिस्टिंग आईएलएंड एफएस ऋण के एक बड़े हिस्से को हल करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लिस्टिंग के बाद, ट्रस्ट वैकल्पिक निवेश क्षेत्र में रुचि रखने वाले जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए एक नया मंच प्रदान करेगा। आरआईआईटी की लिस्टिंग इनविट के वितरण के बाद हुई है - जिसमें 6 अंतर्निहित सड़क संपत्तियां हैं। इसका उद्यम मूल्यांकन 8,592 करोड़ रुपये है, इस प्रकार आईएलएंडएफएस समूह की ऋण समाधान के लिए विविध वित्तीय साधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को रेखांकित करता है।

## बीएसएल कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा सम्मान

**निर्मल महाराज/ बोकारो**। बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया. मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक -प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया. निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आहवान किया. अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए. कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक (कार्मिकं) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया. कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## एसीबी ने दस हजार रिश्वत लेते एएसआई को किया गिरफ्तार

**निर्मल महाराज /बोकारो( बेरमो)**। केस में फंसाने की धमकी देकर एक युवक से 10,000 रुपए रिश्वत लेने वाले एएसआई को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है. एसीबी ने यह करवाई बीते दिन को की है . अजय प्रसाद बोकारो जिले के बेरमो कोयलांचल अंतर्गत गांधीनगर थाना में पदस्थापित हैं. उन्हें मंगलवार की शाम को गिरफ्तार किया गया. एसीबी की टीम एएसआई अजय प्रसाद को अपने साथ धनबाद ले गयी है.जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार में रहने वाले अनुराग गुप्ता एएसआई के संडे बाजार स्थित आवास में पैसे देने गये थे. इस दौरान बाहर में एसीबी की टीम निगरानी कर रही थी. जैसे ही अनुराग गुप्ता ने अजय प्रसाद को पैसे दिये, एसीबी की टीम ने पुलिस वाले को धर दबोचा. पूछताछ करने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गयी और एसीबी की टीम उन्हें धनबाद ले गयी. गांधीनगर थाना में पहली बार एसीबी के छापे की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है.जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार निवासी दिनेश प्रसाद गुप्ता के पुत्र अनुराग गुप्ता ने एसीबी में शिकायत की थी कि उनसे गांधीनगर थाना के एएसआई ने एक केस में नाम डालने के नाम पर पैसे की मांग की है. 10 फरवरी 2025 को तुपकाडीह में रहने वाले इंतखाब अंसारी ने 4 नंबर पेट्रोल पंप के पास पैसे के लेन-देन के मामले में मारपीट की शिकायत दर्ज करवायी थी. इसमें कुरपनिया के 2 युवक विशाल और सागर को आरोपी बनाया गया था. उसी सिलसिले में अनुराग का भी नाम केस में जोड़ देने की बात एएसआई ने कही थी.

# मेंस सीनियर वनडे ट्रॉफी: आज खेले गए मुकाबलों में कहीं बल्लेबाजों ने बल्लेबाजों ने तो कहीं गेन्दबाजों ने बनाया रिकॉर्ड



**पटना**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (इउअ) द्वारा आयोजित मेंस सीनियर वनडे ट्रॉफी टूनार्मेंट में आज कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। इस दिन खेले गए मैचों में समस्तीपुर, रोहतास, कटिहार, बांका, सारण और दरभंगा ने जीत दर्ज की।

1. समस्तीपुर बनाम सहरसा( लवफ्छ क्रिकेट ग्राउंड बीहट, बेगूसराय ) मैच में समस्तीपुर ने 262 रनों से जीत दर्ज की है।

समस्तीपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 416 रन बनाया। बल्लेबाजी में राम सुरेश सूरी और बदरे आलम ने शानदार शताकीय पारी खेली। राम सुरेश ने 106 गेंद में 17 चौका लगाकर 122 रन और बदरे आलम ने 124 गेंद में 17 चौका 3 छक्का लगाकर 158 रन बनाया तथा आदर्श पंकज पाराशर नाबाद 28 गेंद में 7 चौका 2 छक्का 54 रन बनया। वहीं गेंदबाजी में दिलेश्वर दलीप चन्दन 10 ओवर 3 मेडन 26 रन 4 विकेट, कप्तान सुमन प्रदीप कुमार ने 8.2 ओवर 2 मेडन 30 रन 3 विकेट और अलोक कृष्णदेव कुमार 10 ओवर 53 रन 3 विकेट।

सहरसा ने 36.2 ओवर में 10 विकेट पर 154 रन बनाया। बल्लेबाजी में सूरज सनाय राय यादव 50 गेंद 6 चौका 46 रन, वरुण दीनानाथ सिंह 41 गेंद 3 चौका 2 छक्का 34 रन और अंकित वीरेंद्र कुमार वर्मा राज ने 38 गेंद 6 चौका 29 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में कृष्णा मोहन सिंह को 2 विकेट तथा जाफर इमाम, पुरुष्कार कुमार झा, कप्तान प्रिंस ह्दया नरायण सिंह कुमार को 1-1 विकेट मिले।

2. बक्सर बनाम रोहतास ( महाराजा कॉलेज ग्राउंड, आरा ) मैच में रोहतास ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।

बक्सर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.1 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। बल्लेबाजी में प्रकाश मिथिलेश कुमार 37 गेंद 3 चौका 25 रन, अभिषेक कुमार ओझा48 गेंद 2 चौका 19 रन और सौरभ कुमार चौबे 26 गेंद 1 चौका 1 छक्का 18 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में

सौरभ कुमार चौबे 4 ओवर 40 रन 3 विकेट और प्रकाश मिथिलेश कुमार 4 ओवर 26 रन 4 विकेट रोहतास ने 10.4 गेंद में 8 विकेट पर 103 रन बनाया। बल्लेबाजी में समरजीत विनय कुमार ने 12 गेंद 7 चौका 33 रन, सागर तिवारी ने 13 गेंद 2 चौका 2 छक्का 25 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में शुभम कुमार राय 10 ओवर 2 मेडन 17 रन 6 विकेट तथा सिद्धार्थ और अनशु सुशील को 1-1 विकेट मिले। 3. कटिहार बनाम अररिया ( विद्या विहार क्रिकेट ग्राउंड, पूर्णिया ) मैच में कटिहार ने 34 रनों से जीत दर्ज की है। कटिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 296 रन बनाया। बल्लेबाजी में अभिषेक कुमार ने 80 गेंद में आठ चौका तीन छक्का लगाकर 76 रन बनाया, मयंक पामणानी (ढेंल्लंल्ल) 60 गेंद 4 चौका 47 रन और खालिद आलम ने 51 गेंद 2 चौका 1 छक्का 38 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में अमन खान 10 ओवर 57 रन 4 विकेट, पीटर मरदी 10 ओवर 54 रन 2 विकेट और अजमत रजा और हजरत अली को 1-1 विकेट मिले।

अररिया ने 49.2 ओवर में 10 विकेट पर 262 रन बनाया। बल्लेबाजी में आदर्श विवेक सिन्हा 85 गेंद 9 चौका 80 रन, अमन संजय राज ने 49 गेंद 4 चौका 1 छक्का 46 रन बनाया। वहीं गेंदबाजी में निसार इंटरनेशनल 10 ओवर 52 रन 3 विकेट तथा अमन संजय, अमन नरेश और उत्तम जयप्रकाश को 2-2 विकेट मिले।

4. मुंगेर बनाम बांका ( संदिश कंपाउंड, भागलपुर ) मैच में बांका ने 10 विकेट से जीत दर्ज की।

मुंगेर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.4 ओवर में 10 विकेट पर 98 रन बनाया। बल्लेबाजी में कुमार किशले दीपक ने 50 गेंद 1 चौका 13 रन और अमित दुर्गेश कुमार 13 गेंद 1 चौका 1 छक्का 15 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में कोई भी गेंदबाज विकेट चटकाने में सक्षम नहीं हो पाया।

बांका ने 9.2 ओवर में 101 रन बनाकर 10 विकेट से मैच को जीत लिया। बल्लेबाजी में राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नाबाद 27 गेंद 7 चौका 2 छक्का 44 रन और पुनीत यादव नाबाद 30 गेंद 8 चौका 2 छक्का 51 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में कप्तान हिमांशु सुदामा सिंह 8.4 ओवर 22 रन 4 विकेट राशिद रजा 9 2 मेडन 21 रन 4 विकेट और नवनीत तथा राघवेंद्र प्रताप को 1-1 विकेट मिले।

5. सिवान बनाम सारण ( जेपी सिन्हा स्टेडियम, वैशाली ) मैच में सारण ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। सिवान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.3 ओवर में 10 विकेट पर 188 रन बनाया। बल्लेबाजी में कप्तान सोनू कुमार गुप्ता 73 गेंद 7 चौका 56 रन और रवि कुमार शर्मा 57 गेंद 4 चौका 30 रन तथा पवन कुमार राय 35 गेंद 3 चौका 1 छक्का 29 रन बनाया। वहीं गेन्दबाजी में मनीष कुमार गिरी और हैदर नूर अली को 2-2 विकेट मिले।

सारण ने 38.5 ओवर में 4 विकेट पर 189 रन बनाया। बल्लेबाजी में अरुणेश नविन कुमार 59 गेंद 8 चौका 1 छक्का 55 रन, हिमांशु कुमार शर्मा नाबाद 100 गेंद 5 चौका 2 छक्का 69 रन और प्रशांत देवेंद्र सिंह 23 गेंद 3 चौका 24 रन। वहीं गेन्दबाजी में प्रशांत देवेंद्र सिंह 8.3 ओवर 34 रन 3 विकेट, अनूप बुधेश कुमार 10 1 मेडन 41 रन 3 विकेट और उत्तम विनोद सिंह को 2 तथा मुन्ना कुमार और विकास अशोक यादव को 1-1 विकेट मिले।

6. दरभंगा बनाम शिवहर ( जानकी स्टेडियम सीतामढ़ी) मैच में दरभंगा ने 358 रनों से जीत दर्ज की।

दरभंगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 10 विकेट पर 411 रन बनाया। बल्लेबाजी में आयुष आनंद लोहारूका 98 गेंद 11 चौका 8 छक्का 130 रन, नवनीत शिशिर झा 22 गेंद 3 चौका 7 छक्का 58 रन और सूरज कुमार सिंह 50 गेंद 4 चौका 1 छक्का 41 रन बनाया। वहीं गेंद बाजी में मयंक एन कुमार 3.4 ओवर 2 मेडन 5 रन 6 विकेट, अमृत अरुण सिंह 5 ओवर 21 रन 3 विकेट और मनीष को 1 विकेट मिला।

## बोकारो पुलिस ने चोरी की गई 45 मोटरसाइकिल को किया बरामद , दो गिरफ्तार

**बोकारो**। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी के निदेर्शानुसार एवं नगर उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में लगातार 3 दिन की ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद बोकारो पुलिस की टीम ने चोरी की 45 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की है. बाइक और स्कूटी की चोरी करने वाले 34 वर्षीय सरगना परवेज और चोरी की बाइक बेचने वाले 19 वर्षीय मासूम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है. परवेज बोकारो जिले के गोमिया दलाल टोला के साडम बाजार का रहने वाला है. वहीं, मासूम अंसारी कथारा ओपी के झिरकी का रहने वाला है. बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी और सिटी डीएसपी आलोक रंजन की 19 सदस्यीय टीम ने बाइक-स्कूटी चोर गिरोह का पता लगाया और 45 दोपहिया वाहन बरामद करने में कामयाबी हासिल की है । आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों बीते दिन मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. वाहन चोर गैंग के 6 आरोपियों की तलाश की जा रही है. सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में लगातार अभियान चल रहा है. एसपी और डीएसपी ने इस सफलता पर टीम के सदस्यों को बधाई दी है. एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बीएस सिटी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों और जवानों की 19 सदस्यीय टीम बनायी गयी थी. सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में टीम ने काम करना शुरू किया. इसके बाद लगातार सफलता मिलती गयी. पुलिस अधिकारियों की टीम ने चोरी के 45 वाहन बरामद किये हैं. जब्त वाहनों में 26 हीरो स्प्लेंडर, 4 हीरो पैशन प्रो, 2 बजाज पल्सर, 1 हीरो सीडी डीलक्स, 3 बजाज डिस्कवर, 2 होंडा सीबीजेड, 2 होंडा साइन, 1 हीरो होंडा ग्लैमर और 4 स्कूटी शामिल हैं.एसपी ने बताया कि टीम में शामिल अधिकारियों ने चोर गिरोह का पता लगाने के लिए एक प्लान बनाया. प्लान के तहत चोरी की बाइक खरीदने का प्रस्ताव बिचौलियों के माध्यम से चोरों तक पहुंची. जल्दी ही पुलिस वाले चोर तक पहुंच गये. इसके बाद दोनों चोरों को गिरफ्त में लेकर पूछताछ शुरू की. इनकी निशानदेही पर लगातार छापेमारी की गयी. अभियान के दौरान सेक्टर-4 से चोरी के 2, सिटी सेंटर से 2, सिटी थाना क्षेत्र से 2 वाहन जब्त किये गये. इसी तरह अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी के वाहन बरामद हुए. पूछताछ में पता चला है कि इसमें हजारीबाग, धनबाद और बोकारो से चोरी की गयी बाइक भी है. फिलहाल पुलिस बरामद वाहन के चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर के माध्यम से वाहन मालिकों का पता लगा रही है.छापेमारी दल में बीएस सिटी इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास, सेक्टर-4 के इंस्पेक्टर संजय कुमार, सेक्टर-12 के इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सिंह, हरला के इंस्पेक्टर अनिल कच्छप, सेक्टर-6 के थाना प्रभारी प्रभात कुमार, बीएस सिटी पुलिस अवर निरीक्षक शैलेंद्र पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक महती बोयपाय, पुलिस अवर निरीक्षक गुल्टन मिस्त्री, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार गिरि, आरक्षी इलियास अंसारी, मदन प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, योगेंद्र कुमार रजक, प्रफुल्ल कुमार मंडल, विजय कुमार सिंह, चालक सुधीर कुमार हेम्ब्रम और पंकज कुमार सिंह शामिल थे.एसपी मनोज स्वर्गियारी ने आम लोगों से अपील की है कि वे वाहनों को सुरक्षित और निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करें. वाहन में अतिरिक्त लॉक लगायें. संभव हो, तो सीसीटीवी के दायरे में वाहन पार्क करें. सभी दुकानदार, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, घर और प्रतिष्ठानों के आसपास सीसीटीवी कैमरा जरूर लगायें. सभी सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त हालत में रखें. लंबे समय तक घर बंद करके बाहर जाते हैं, तो नजदीकी थाना को जरूर सूचित करें, ताकि आपके घर और प्रतिष्ठान की लगातार निगरानी की जा सके।